कार्यालय राजस्थान अधीनस्थ एवं मंत्रालयिक सेवा चयन बोर्ड

राज्य कृषि प्रबंध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर

प्रेस–विज्ञप्ति

राजस्थान अधीनस्थ एवं मंत्रालयिक सेवा चयन बोर्ड, जयपुर द्वारा ग्रेड–पे रू. 3600/– तक राजस्थान सरकार के विभिन्न विभागों से प्राप्त अर्थना के आधार पर अधीनस्थ एवं मंत्रालयिक सेवा के कार्मिकों के भर्ती के विज्ञापन जारी कर चयन प्रक्रिया पूर्ण की जाती है।

इसी क्रम में राजस्व मण्डल से प्राप्त अर्थना के आधार पर बोर्ड की ओर से 4400 पदों के लिए भर्ती विज्ञप्ति दिनांक 04.11.2015 को जारी की गई है। पटवारी के पदों के लिये ऑनलाईन आवेदन किये जाने की अंतिम दिनांक 10.12.2015 रखी गई है।

बोर्ड द्वारा पटवार भर्ती परीक्षा दो चरणों में (प्रारम्भिक एवं मुख्य परीक्षा) आयोजित की जावेगी। इस परीक्षा में वैकल्पिक (Objective) प्रश्न होंगे । बोर्ड की चयन प्रक्रिया पूर्ण पारदर्शिता के साथ की जाती है। बोर्ड द्वारा आयोजित की जाने वाली परीक्षाओं में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे किसी भी ऐसे बहकावे व धोखे में नहीं आवें जिसमें किसी व्यक्ति/संस्था द्वारा प्रश्न पत्र उपलब्ध कराये जाने या बोर्ड द्वारा आयोजित परीक्षा में उत्तीर्ण व चयन कराये जाने की गारंटी दी जाती हो।

अभ्यर्थी अपनी मेहनत व परिश्रम से ही परीक्षा में सफलता प्राप्त कर सकेंगे। विभिन्न परीक्षाओं में चयन कराये जाने की जिम्मेदारी लेने वाले अपराधिक व्यक्तियों को चेतावनी दी जाती है कि वे किसी भी व्यक्ति के गैर–कानूनी कार्यों में संलिप्त पाये जाने/सहयोग किये जाने पर ऐसे व्यक्तियों के विरूद्ध कठोर कानूनी कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।

(सांवर मल वर्मा)
सचिव